# राम वन को जायेंगे तो हम भी संग में जायेंगे लिरिक्स

राम वन को जायेंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे,
राम के दर्शन बिन हम तो,
जीना भी नहीं चाहेंगे,
राम वन को जाएंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे।bd।

देखे – वन में चले रघुराई।

---

भूख तो लगेगी भैया,
भोजन कैसे पाओगे,
रामजी का दर्शन कर के,
दिल की भूख मिटायेंगे,
राम वन को जाएंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे।bd।

---

प्यास तो लगेगी भैया,
पानी कहाँ से लाओगे,
रामजी का दर्शन कर के,
दिल की प्यास बुझायेंगे,
राम वन को जाएंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे।bd।

---

नींद तो आयेगी भैया,
शय्या कहाँ से लाओगे,
राम जी का सुमिरन कर के,
सारी रात जगायेंगे,
राम वन को जाएंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे।bd।

---

डर तो लगेगा भैया,
कहाँ कहाँ भग जाओगे,
राम के चरणों को तज,
और कही नहीं जायेंगे,
राम वन को जाएंगे तो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हम भी संग में जायेंगे।bd।

राम वापस आयेंगे तो,
हम भी वापस आयेंगे,
अवधपुरी की गली गली में,
सीता राम गायेंगे,
राम वन को जाएंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे।bd।

राम वन को जायेंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे,
राम के दर्शन बिन हम तो,
जीना भी नहीं चाहेंगे,
राम वन को जाएंगे तो,
हम भी संग में जायेंगे।bd।

स्वर – संत श्री अमृतराम जी महाराज।
प्रेषक – केशव।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com